कह देना सांवरे से,
ओ खाटू जाने वाले रे।

दोहा तुम जा रहे हो खाटू,
किस्मत तेरी रंग लाई,
तेरा आ गया बुलावा,
मेरी याद उसे ना आई।

कह देना सांवरे से,
ओ खाटू जाने वाले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

मन में रहे ये मेरे,
दर्शन करूँ मैं तेरे,
पर मुश्किलों ने डाले,
चारो तरफ से घेरे,
चारो तरफ से घेरे,
ग़ुरबत ने मेरे सारे,
अरमान फूंक डाले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

किस्मत ने वो दिए गम,
होंठो पे आ गया दम,
दु:ख दर्द जिंदगी के,
तेरे बिना ना हो कम,
तेरे बिना ना हो कम,
इक बार बस कन्हैया,
सीने से तू लगा ले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

बड़ा दु:ख पड़ा उठाना,
क्या जाने ये जमाना,
गर्दिश की आँधियों ने,
तोडा है आशियाना,
तोडा है आशियाना,
किसको दिखाऊं जाकर,
अपने जिगर के छाले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

मुझे वक्त ने है मारा,
बस यूँ तुझे पुकारा,
आ जाओ अब कन्हैया,
देने मुझे सहारा,
देने मुझे सहारा,
गजेसिंह लड़खड़ाया,

गिरने से अब बचा ले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

कह देना सांवरे से,
ओ खाटू जाने वाले रे,
दर पे मुझे बुला ले,
ओ श्याम खाटू वाले,
कह देना सांवरे से।।

स्वर संजय मित्तल जी।

Source: https://www.bharattemples.com/keh-dena-sanware-se-o-khatu-jaane-wale/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw